IWK Health
nova scotia health
www.nshealth.ca
2026

# अपनी भाषा में स्वास्थ्य देखभाल जानकारी को समझना

## कॉलिंग

यदि आप अंग्रेज़ी नहीं बोलते/ती हैं, लेकिन आपको नोवा स्कोशिया हेल्थ की किसी सुविधा (जैसे अस्पताल या क्लिनिक) या आईडब्ल्यूके हेल्थ को कॉल करने की आवश्यकता है, तो फोन पर दुभाषिए की सहायता लेने के तरीके के बारे में इन निर्देशों का पालन करें।

स्वास्थ्य देखभाल सुविधा के फोन नंबर पर कॉल करें।

**जब कोई उत्तर देता है:**

- उन्हें अंग्रेज़ी के शब्द 'interpreter' ('इंटरप्रेटर') का उपयोग करके बताएं कि आप एक दुभाषिया चाहते/ती हैं।
- कर्मचारी आपसे पूछेंगे कि आप किस भाषा का उपयोग करना चाहते/ती हैं।
  > उदाहरण के लिए, वे पूछ सकते हैं, 'Language?' ('लैंग्वेज?')
- उन्हें बताएं कि आप कौन सी भाषा बोलते/ती हैं।
  > वे खुद से यह अनुमान लगाने की कोशिश नहीं करेंगे कि आप कौन सी भाषा बोलते/ती हैं।
  > वे फोन नहीं काटेंगे।
- वे 'calling interpreter' ('कॉलिंग इंटरप्रेटर') या 'please wait' ('प्लीज़ वेट') कहकर आपको बताएंगे कि वे आपके लिए एक दुभाषिए की व्यवस्था कर रहे हैं।
  > दुभाषिए द्वारा कॉल में शामिल होने तक आपको प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।
- जैसे ही दुभाषिया जुड़ जाएगा, आपको सूचित किया जाएगा और आप स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से बात कर सकेंगे/गी।

Also available in English: WX85-2595
*Understanding Health Care Information in Your Language*

**यदि कोई उत्तर नहीं मिलता है:**

- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी आपको इन विवरणों के साथ एक वॉइस मेल संदेश छोड़ने के लिए कहेंगे:
  - > आपका पूरा नाम
  - > आपका फोन नंबर
  - > आपकी भाषा
- दुभाषिए की सहायता से स्वास्थ्य देखभाल टीम आपको वापस कॉल करेगी।

**महत्वपूर्ण जानकारी:**

- स्पष्ट रूप से और धीरे-धीरे बात करें।
- इन अंग्रेज़ी शब्दों को बोलना सीखें:
  - > आपकी भाषा: उदाहरण के लिए, ‘Hindi’ (‘हिंदी’)
  - > आपका फोन नंबर: उदाहरण के लिए, ‘902-___-____’

इससे स्वास्थ्य देखभाल टीम को आपकी सहायता करने में मदद मिलेगी।

## लिखित जानकारी का अनुवाद करना (जैसे ईमेल या पत्र)

### ऑनलाइन अनुवाद उपकरण

- अनुवाद उपकरण (जैसे गूगल ट्रांस्लेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांस्लेट) में टेक्स्ट को कॉपी और पेस्ट करें।
  - > ये उपकरण अंग्रेज़ी से आपकी भाषा में और आपकी भाषा से अंग्रेज़ी में टेक्स्ट का अनुवाद करने में सहायता दे सकते हैं।
  - > अपना नाम, जन्मतिथि या पते जैसी जानकारी को एंटर **न करें**।
- अधिकांश ईमेल टूल्स ईमेल का अनुवाद भी कर सकते हैं।
  - > कंप्यूटर पर ईमेल खोलें। ईमेल की ऊपरी बाईं ओर दिए गए ‘More options’ (‘मोर ऑप्शन्स’) (3 बिंदु) बटन चुनें, फिर ‘Translate’ (‘ट्रांस्लेट’) चुनें।
  - > टच-स्क्रीन डिवाइस (जैसे स्मार्टफोन) पर उस टेक्स्ट को चुनें, जिसका आप अनुवाद चाहते/ती हैं। और अधिक विकल्प देखने के लिए दाएं तीर पर टैप करें, फिर ‘Translate’ (‘ट्रांस्लेट’) चुनें।

### अनुवाद ऐप्स

- एक अनुवाद ऐप डाउनलोड करें (जैसे गूगल ट्रांस्लेट या एप्पल ट्रांस्लेट)।
- कुछ ऐप्स के साथ आप अपने स्मार्टफोन कैमरे को टेक्स्ट की दिशा में इंगित करके अंग्रेज़ी टेक्स्ट का अनुवाद अपनी भाषा में कर सकते/ती हैं।
- अपने नाम, जन्मतिथि या पते जैसी जानकारी को दर्ज या स्कैन **नहीं करें**।

## किसी विश्वसनीय व्यक्ति से पूछें

- अच्छी अंग्रेज़ी बोलने में सक्षम परिवार के किसी सदस्य, दोस्त या देखभालकर्ता से आपके लिए लिखित जानकारी का अनुवाद करने के लिए कहें।

> - इलेक्ट्रॉनिक और/या एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अनुवाद हमेशा सही नहीं भी हो सकते हैं।
> - यदि आपको कुछ समझ में नहीं आता है या कोई बहुत महत्वपूर्ण बात है, तो अनुवादक का उपयोग करके अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से पूछें।
> - याद रखें, अपनी सुरक्षा और संरक्षण के लिए अपने या किसी और के बारे में गोपनीय जानकारी को एआई टूल पर अपलोड **न करें**।

## नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ की वेबसाइटों को अपनी भाषा में देखें

- भले ही आपका ब्राउज़र किसी अन्य भाषा के लिए सेट हो, आप नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ की वेबसाइटें यहां देख सकते/ती हैं:
  - www.nshealth.ca
  - www.iwkhealth.ca
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप आधिकारिक वेबसाइट पर हैं, नोवा स्कोशिया हेल्थ या आईडब्ल्यूके हेल्थ का लोगो ज़रूर देखें।

## नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडबल्यू हेल्थ वेबसाइटों का अनुवाद

अपने इंटरनेट ब्राउज़र के उपयोग से नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ वेबसाइटों के अनुवाद के लिए:

- **गूगल क्रोम:**
  - पेज पर कहीं भी राइट-क्लिक करें और ‘Translate to Hindi’ (‘ट्रांस्लेट टु हिंदी’) चुनें। अपनी पसंद की भाषा सेट करने के लिए अपने ब्राउज़र की सेटिंग्स बदलें। जो सूची दिखाई देती है, उसमें से ‘Translate’ (‘ट्रांस्लेट’) चुनें, फिर ‘Choose another language’ (‘चूज़ एनदर लैंग्वेज’) चुनें।
  - टच-स्क्रीन डिवाइस पर कहीं भी टैप करें जब तक टैप सेटिंग के विकल्प दिखाई न दें। और अधिक विकल्प देखने के लिए दाएं तीर पर टैप करें, फिर ‘Google Translate’ (‘गूगल ट्रांस्लेट’) चुनें।
- **माइक्रोसॉफ्ट एज:**
  - पेज पर कहीं भी राइट-क्लिक करें और ‘Translate to Hindi’ (‘ट्रांस्लेट टु हिंदी’) चुनें। अपनी पसंद की भाषा सेट करने के लिए अपनी ब्राउज़र सेटिंग्स बदलें। ‘Languages’ (‘लैंग्वेजेस’) के तहत अपनी भाषा ढूंढें या जोड़ें और ‘Display Microsoft Edge in this language’ (‘डिस्प्ले माइक्रोसॉफ्ट एज इन दिस लैंग्वेज’) या ‘Offer to translate pages in this language’ (‘ऑफर टु ट्रांस्लेट पेजेस इन दिस लैंग्वेज’) चुनें।

> टच-स्क्रीन डिवाइस पर 3-लाइन आइकन (हैमबर्गर मेनू) पर टैप करें और विकल्पों में से 'Settings' ('सेटिंग्स') चुनें। फिर 'Languages' ('लैंग्वेजेस') चुनें।

- **सफारी:**

> एड्रेस बार में 'Translate' ('ट्रांस्लेट') चुनें (यह कुछ भाषाओं के लिए उपलब्ध है)।

**या**

> टच-स्क्रीन डिवाइस पर कहीं भी टैप करें, जब तक टैप सेटिंग के विकल्प दिखाई न दें। और अधिक विकल्प देखने के लिए दाएं तीर पर टैप करें, फिर 'Translate' ('ट्रांस्लेट') चुनें। उपलब्ध भाषाओं की एक सूची दिखाई देगी। अपनी पसंद की भाषा चुनें।

- यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या आपको कुछ समझ में नहीं आता है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से दुभाषिया सेवाओं के बारे में पूछें।
- और अधिक जानकारी के लिए पत्रक 2630, *नोवा स्कोशिया हेल्थ और आईडब्ल्यूके हेल्थ में दुभाषिया और अनुवाद सेवाएँ* के लिए पूछें, नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें, या यहां जाएं:

> www.nshealth.ca/patient-education-resources/hi2630

अपने डिवाइस पर क्यूआर कोड स्कैन करें (अपने डिवाइस पर कैमरा खोलें, कैमरे को कोड की दिशा में इंगित करें, और दिखाई देने वाले बैनर या बॉर्डर पर टैप करें)

**हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि आपकी समझ में आए।**

कृपया हमें बताएं कि हम आपको समर्थन कैसे दे सकते हैं।

इस पत्रक का उद्देश्य केवल शिक्षा के प्रयोजन से है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की सलाह या पेशेवर निर्णय की जगह पर लिया जाना नहीं है। यह जानकारी संभावित रूप से सभी स्थितियों में लागू नहीं भी हो सकती है। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

यह पत्रक और हमारे सभी रोगी संसाधन यहाँ से प्राप्त करें:
https://www.nshealth.ca/patient-education-resources?language=hindi

नोवा स्कोशिया में किसी भी समय रजिस्टर्ड नर्स से संपर्क करें:
811 पर कॉल करें या यहाँ जाएँ: https://811.novascotia.ca

*तैयारकर्ता:* भाषा सेवाएं
*डिज़ाइन और प्रबंधनकर्ता:* पुस्तकालय सेवाएँ (Library Services)

https://creativecommons.org/licenses/by-nc-nd/4.0/deed.en
In reproducing this content, you agree to the following terms of use and disclaimer:
Terms of Use – CC BY-NC-ND: https://library.nshealth.ca/ld.php?content_id=37668692
HI85-2627 © March 2026 Nova Scotia Health Authority
To be reviewed March 2029 or sooner, if needed.